Title : Need to convert Ahmedabad − Khedbrahma metre gauge railway line into broadgauge and extend the railway line upto Abu Road Station.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) में एक बहुत पुरानी और लोकप्रिय रेल लाइन है, जिसे अहमदाबाद-खेडब्रहमा रेलवे के नाम से जाना जाता है। पूर्व में इसे ए0पी0 रेलवे अर्थात् अहमदाबाद प्रान्टिज रेलवे के नाम से जाना जाता था। इस रेल लाइन के अंतर्गत साबरकांठा जिले के अधिकांश दूरदराज क्षेत्र अर्थात् प्रान्टिज, हिम्मत नगर, इड़र और खेडब्रहमा की जनजातीय बैल्ट आती है।

अम्बाजी में "शक्ति माता" अम्बा जी का मंदिर है। यह मंदिर शक्तिपीठ होने के कारण बहुत प्रसिद्ध है। साबरकांठा और बनासकांठा जिलों में आदिवासी लोगों और पिछड़ी जातियों के लोगों की संख्या बहुत अधिक है। खेडब्रहमा, आबू (राजस्थान) के काफी निकट है। इस क्षेत्र के लोग अक्सर धार्मिक, वाणिज्यिक और सामाजिक कार्यो के लिए इस पवित्र स्थान पर आते-जाते हैं। सम्पूर्ण भारत से लाखों की संख्या में तीर्थयात्री अम्बा जी मंदिर सारे साल आते हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद-खेडब्रहमा रेल लाइन को मीटर गेज से ब्राडगेज में बदला जाये और इसे खेडब्रहमा से बढ़ाकर आबू रोड़ स्टेशन तक ले जाया जाये। इससे साबरकांठा से नई दिल्ली का सम्पर्क हो जायेगा और यह साबरकांठा, बनासकांठा और राजस्थान के आदिवासी बैल्ट में रहने वाले लोगों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। इससे यात्रा की दूरी भी कम हो जायेगी।